हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, बुधवार, 17 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 25 .5 डिग्री
न्यूनतम 6 .4 डिग्री

10 शहर में घूम रहे आवारा कुत्तों की नसबंदी व वैक्सीनेशन का कार्य शुरू, 45 लाख का किया टेंडर



10 अधूरी रिपोर्ट पर समस्याओं का समाधान शिकायतकर्ता को लगाने पड़ रहे चक्कर, दोबारा कराई जाएगी पैमाइश



## खबर संक्षेप

### सड़क हादसों के आरोपी चालक गिरफ्तार

**कोसली।** पुलिस ने सड़क हादसों के बाद फरार दो वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। थाना कोसली पुलिस ने सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत के बाद 30 नवंबर को केस दर्ज किया था। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने नेहरूगढ़ निवासी सुनील को गिरफ्तार किया है। उसकी पिकअप गाड़ी को कब्जे में लिया गया है। पुलिस ने 5 दिसंबर को हुए सड़क हादसे के बाद दर्ज मामले में जाहिदपुर निवासी ब्रह्मप्रकाश को गिरफ्तार किया है। हादसे को अंजाम देने वाला ट्रैक्टर भी पुलिस ने कब्जे में लिया है। बाद में दोनों आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### मारपीट मामलों के तीन आरोपी गिरफ्तार

**कोसली।** पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पीड़ित पक्ष के बयान पर 28 अगस्त को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहे थे। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में लिसान निवासी विशांत, कृष्ण और नारनौल के खत्रीपुर निवासी विपिन को गिरफ्तार कर लिया। बाद में तीनों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### झाबुआ से पुलिस ने बरामद की शराब

**बावल।** पुलिस ने झाबुआ में अवैध रूप से शराब बेचने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि झाबुआ निवासी भजनलाल कच्ची शराब की बिक्री करता है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर तलाशी ली तो उसके कब्जे से 18 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। इस शराब का इस्तेमाल जानलेवा साबित हो सकता है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार करने के बाद एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया। बाद में आरोपी को निजी मुचलके पर रिहा कर दिया गया।

### मारपीट मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। रामपुरा थाना ने पीड़ित के बयान पर गत 28 अक्टूबर को आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। पुलिस ने इस मामले में जांच के बाद टींट निवासी सुरेंद्र को गिरफ्तार कर लिया। खोल थाना पुलिस ने 4 नवंबर को दर्ज मामले में खोरी निवासी नवीन को गिरफ्तार कर लिया। एक आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया, जबकि दूसरे को पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### दहेज प्रताड़ना के मामले में एक गिरफ्तार

**कुंड।** थाना खोल पुलिस ने दहेज प्रताड़ना के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस शिकायत में एक गांव निवासी विवाहिता ने ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज के लिए परेशान करने और दहेज नहीं लाने पर जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए थे। पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने के प्रयास किए थे, परंतु सहमति नहीं बनी। पुलिस ने 3 नवंबर को आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था।

### मारपीट मामलों के तीन आरोपी काबू

**जाटूसाना।** पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने फतेहपुरी गांव में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पीड़ित पक्ष के बयान पर 1 दिसंबर को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में दीपक, मनीष और सूरत को गिरफ्तार कर लिया।

---

*बड़ी बिल्डिंगों के मालिकों पर 15 करोड़ हाउस टैक्स बकाया, लगभग 12 हजार बिल्डिंग मालिकों को नप ने जारी किए नोटिस*

# आलीशान बिल्डिंगों के मालिक, हाउस टैक्स जमा कराने से कर रहे परहेज, बिल्डिंग सीज करने की कार्रवाई जल्द

नरेन्द्र वत्स ▶▶ रेवाड़ी

शहर में आलीशान बिल्डिंगों के मालिक भी समय पर हाउस टैक्स जमा कराने से गुरेज कर रहे हैं। कई बिल्डिंग मालिकों ने तो वर्षों से हाउस टैक्स जमा नहीं कराया है, जिस कारण यह राशि बढ़कर 15 करोड़ रुपये से अधिक हो चुकी है। नगर परिषद ने बकाया हाउस टैक्स की वसूली के लिए अब नोटिस देकर ऐसी बिल्डिंगों को सीज करने का निर्णय लिया है, जिनके मालिकों ने कई सालों से टैक्स का भुगतान नहीं किया है। हाउस टैक्स नगर परिषद की आय का बड़ा साधन माना जाता है। चालू वित्त वर्ष में हाउस टैक्स से लगभग 4.5 करोड़ रुपये की आय का अनुमान लगाया गया था। इसमें से अभी तक 2 करोड़ रुपये की वसूली ही पाई है। हाउस टैक्स के 2.5 करोड़ रुपये इसी वित्त वर्ष के बकाया हैं। इसके अलावा कई सालों से जिन बिल्डिंग मालिकों ने हाउस टैक्स जमा नहीं कराया है, उनकी ओर लगभग 15 करोड़ रुपये की राशि बकाया है। इस राशि को वसूल करना नगर परिषद के लिए कठिन चुनौती बन चुका है। जिन बिल्डिंग मालिको ने कई सालों से हाउस टैक्स जमा नहीं कराया है, उन्हें कई बार नोटिस भी दिए जा चुके हैं। इसके बावजूद ऐसे लोगों पर नोटिसों का कोई असर नहीं हुआ है। नगर परिषद के अधिकारियों ने अब लंबे समय से हाउस टैक्स जमा नहीं कराने वाले लोगों पर शिकंजा कसने का निर्णय लिया है। ऐसे बिल्डिंग मालिकों को नगर पालिका अधिनियम 1973 की धारा 94 के तहत नोटिस दिए जा रहे हैं। ऐसे नोटिस 10-10 बकायादारों को दिए जा रहे हैं। एक बार में 10 लोगों की बिल्डिंग सीज करने का प्लान बनाया गया है। सीलिंग के समय तक अगर बिल्डिंग मालिक बकाया हाउस टैक्स का भुगतान करता है, तो उसे सीज करने से छोड़ दिया जाएगा।

> नोटिस 10-10 बकायादारों को दिए जा रहे हैं। एक बार में 10 लोगों की बिल्डिंग सीज करने का प्लान बनाया गया




रेवाड़ी। भाड़ावास रोड स्थित नगर परिषद परिसर। फोटो : हरिभूमि

### संपत्ति कुर्क करने का प्रावधान



*बड़े बिल्डिंग मालिकों की ओर हाउस टैक्स के 20-20 लाख रुपये तक बकाया हैं। पूर्व में भी कई बार नोटिस दिए जा चुके हैं। नगर पालिका अधिनियम के तहत हाउस टैक्स वसूली के लिए संपत्ति कुर्क करने का प्रावधान है, जिसके तहत अभी 10 बिल्डिंग मालिकों को संपत्ति सील करने के नोटिस दे दिए हैं। नोटिस के सात दिन पूरे होते ही एक्शन शुरू हो जाएगा।*
*-सुशील भुक्कल, ईओ, नप।*

### बारह हजार लोगों को नोटिस जारी

पुराने बकायादारों को नोटिस देने के साथ दूसरे बकायादारों को भी नगर परिषद नोटिस भेज रही है, ताकि अधिक से अधिक हाउस टैक्स की वसूली हो सके। पूर्व में नगर परिषद की ओर से लगभग 2300 लोगों को नोटिस दिए गए थे। अब 12 हजार लोगों को नोटिस दिए गए हैं। इनमें से पुराने बकायादारों को बिल्डिंग सील करने के नोटिस भी जल्द भेजे जाएंगे।

### बीस लाख रुपये तक की राशि बकाया

करोड़ों की बिल्डिंगों में रहने वाले ऐसे लोगों की संख्या भी कम नहीं है, जिन्होंने कई साल से हाउस टैक्स को फालतू की चीज समझाकर नोटिसों तक को गंभीरता से नहीं लिया है। इन बिल्डिंग मालिकों की ओर 10 लाख रुपये से लेकर 20 लाख तक की राशि बकाया है। पूर्व में नगर परिषद की ओर से इन्हें कई बार नोटिस जारी किए जा चुके हैं।

---

## बूढ़पुर के मैकमिलन बने वायु सेना में फाइटर पॉयलट



रेवाड़ी। फाइटर पॉयलट मैकमिलन अपने परिवार के साथ। फोटो : हरिभूमि

**रेवाड़ी।** जिले के गांव बूढ़पुर निवासी निहाल सिंह के पौत्र मैकमिलन ने वायु सेना में फाइटर पॉयलट बनकर परिवार और जिले का नाम रोशन किया है। पिता संजू यादव व माता मंजू यादव ने बताया कि मैकमिलन ने बारहवीं तक की पढ़ाई सैनिक स्कूल कुंजपुरा करनाल से की तथा उसके बाद दिल्ली यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएशन की डिग्री प्राप्त की। मैकमिलन का शुरू से ही फाइटर पायलट बनने का सपना था। उनका चयन भारतीय सेना में लैफ्टिनेंट के पद पर भी हुआ, लेकिन मैकमिलन ने वायु सेना को ही चुना। फाइटर पॉयलट बनने के बाद गांव बूढ़पुर में पहुंचने पर आशीष वीर चैरिटेबल संस्था के संस्थापक वीर सिंह ने मैकमिलन का फूलमाला व प्रशंसा पत्र भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर मनमोहन, सरपंच मोनिका, पूर्व सरपंच राव करण सिंह, मास्टर यशवीर, उदयसिंह, बालकिशन, शादीराम व अजीत जैलदार सहित अनेक गणमान्य मौजूद थे।

---

*उच्च शिक्षित बदमाशों से वेव ब्लॉकर व जीपीएस डिटेक्टर भी बरामद, मकसद पता लगाने के लिए रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही पुलिस*

# टैक्सी चालक को गोली मारकर लूटा, पुलिस ने तुरंत काबू किए दो आरोपी, पिस्टल व कारतूस बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

सोमवार की रात दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर बनीपुर चौक के पास सशस्त्र बदमाशों ने गोली मारकर एक टैक्सी चालक के साथ लूट की वारदात को अंजाम दिया। लुटेरे टैक्सी चालक को जख्मी हालत में शहर के सरकुलर रोड पर फेंककर फरार हो गए। पुलिस ने तुरंत एक्शन लेते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया जाएगा। दोनों आरोपी उच्च शिक्षित हैं, जिनके पास से हथियारों के साथ-साथ अलग यंत्र भी बरामद हुए हैं। अलीगढ़ के मोहसनपुर निवासी संजय ने ओला की फ्रेंचाइचीज ली हुई है। वह गुरूग्राम और दिल्ली में टैक्सी चलाता है। सोमवार की रात करीब 1 बजे उसकी कैब फोन से बुक की गई थी। वह दो युवकों को पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन से बैठाकर जयपुर के लिए चला था। जब टैक्सी बनीपुर चौक के पास पहुंची तो पीछे बैठे युवकों ने पेशाब करने के बहाने गाड़ी रुकवा ली। उसकी आंखों में स्प्रे मार दी। दोनों युवकों में से एक ने उसकी कनपटी पर पिस्तौल लगा दी। उसने विरोध किया तो उसकी जांघ में गोली मार दी। उसे सीट से हटकार दूसरा युवक गाड़ी चलाने लगा। गोली उसकी जांघ में लगी, जिससे वह लहूलुहान हो गया। इसके बाद युवक काफी देर तक इधर-उधर घुमाते रहे। उससे 18 हजार रुपये और मोबाइल फोन छीन लिए।

बाद में आरोपी उसे सरकुलर रोड पर रेलवे चौक से कुछ दूरी पर गाड़ी से नीचे फेंककर फरार हो गए। वहां पास में एक होटल पर मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने संजय को ट्रॉमा सेंटर दाखिल कराया। उसके बयान पर कसोला पुलिस ने लूट, हत्या के प्रयास व आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया।



रेवाड़ी। अस्पताल में उपचाराधीन टैक्सी चालक, पुलिस गिरफ्त में लूट के आरोपी।

### अपना काम करने के बाद छोड़ देंगे

संजय ने बताया कि उसने दोनों युवकों से पेट्रोल पंप या होटल के पास छोड़ने की फरियाद लगाई। इसके बाद युवकों ने कहा कि पहले वह अपना काम करेंगे। इसके बाद उसे छोड़ देंगे। संजय के अनुसार इधर-उधर घुमाने के बाद युवकों ने सुनसान जगह पर अपने साथ लिए हुए दो बड़े बैग डाल दिए। उन बैग में क्या था, यह जांच के बाद ही सामने आएगा। कसोला पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

### आरोपियों से हथियार हुए बरामद

लूट की सूचना मिलते ही सीआईए व कसोला पुलिस ने तकनीकी मदद से बदमाशों का पीछा करना शुरू कर दिया। दोनों आरोपियों को राजस्थान के बहरोड के पास काबू कर लिया गया। गिरफ्तार किए गए आरोपी अजमेर के घूघरा घाटी अखड़ निवासी देवांशु और आजमगढ़ के सुरजीपुर निवासी शुभम वर्मा हैं। उनके कब्जे से पुलिस ने दो पिस्टल, 89 कारतूस, तीन मैगजीन, 4 मोबाइल फोन, सिमकार्ड, वेव ब्लॉकर व जीपीएस डिटेक्टर बरामद किए हैं।

### मकसद पता लगाने के प्रयास

पुलिस ने दोनों आरोपियों को कोर्ट से रिमांड पर लिया है। दोनों आरोपी उच्च शिक्षित हैं। देवांशु जयपुर से पीएचडी कर रहा है, जबकि शुभम एमए करने के बाद नीट की तैयारी कर रहा है। उनके कब्जे से जिस तरह से जैमर और जीपीएस डिटेक्टर बरामद हुए हैं, उससे पुलिस उनके मकसद का पता लगाने के प्रयास कर रही है।

---

# सीएम फ्लाइंग का बीज भंडार पर छापा

## जांच में दुकान पर पीओएस मशीन के अनुसार स्टाक से यूरिया के 46 बैग कम मिले

- कृषि विभाग ने दुकान संचालक को नोटिस जारी किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धारूहेड़ा

सीएम फ्लाइंग व कृषि विभाग की टीम ने मंगलवार को धारूहेड़ा क्षेत्र के गांव आंकेड़ा में बीज भंडार की दुकान का निरीक्षण किया। जांच में दुकान पर पीओएस मशीन के अनुसार स्टाक से यूरिया के 46 बैग कम मिले। दुकान पर स्टॉक रजिस्टर व डिस्पले बोर्ड भी लगा हुआ नहीं मिला। कृषि विभाग ने दुकान संचालक को नोटिस जारी किया है। मंगलवार को सीएम फ्लाइंग व कृषि विभाग की टीम ने गांव आंकेड़ा स्थित प्रवीण बीज भंडार का निरीक्षण किया। टीम में सीएम फ्लाइंग से इंस्पेक्टर सतेन्द्र, एसआई सुरेन्द्र, एएसआई कर्मपाल तथा कृषि विभाग से डा. अनील कुमार टीए शामिल थे। निरीक्षण के दौरान दुकान पर प्रवीण कुमार मौजूद था। दुकान का लाईसेंस अप्रैल 2030 तक वैध पाया गया। दुकान पर यूरिया खाद के कुल 1398 बैग मिले, जबकि पीओएस मशीन के अनुसार 66 बैग जीएसएफसी, 678 बैग इफको व 700 बैग कृभको सहित 1444 बैग यूरिया खाद का स्टॉक होना चाहिए था। दुकान में स्टाक से 46 बैग यूरिया के कम पाए गए तथा स्टॉक रजिस्टर व डिस्पले बोर्ड भी नहीं मिला। डा. अनिल कुमार ने दुकानदार को नोटिस जारी किया है।



रेवाड़ी। बीज भंडार पर यूरिया का स्टाक चैक करती टीम। फोटो : हरिभूमि

---

# हिमांशु बना सेना में लेफ्टिनेंट

- हिमांशु के सम्मान में गांव के शिव मंदिर में स्वागत कार्यक्रम किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

गांव खेड़ा आलमपुर निवासी सूबेदार प्रताप सिंह का पुत्र हिमांशु यादव सेना में लेफ्टिनेंट बना है। हिमांशु 2017 में भारतीय सेना में क्लर्क पद पर भर्ती हुआ था और चार साल बाद कमीशन प्राप्त कर छठे प्रयास में उसने यह मुकाम हासिल किया। हिमांशु के सम्मान में गांव के शिव मंदिर में स्वागत कार्यक्रम किया गया। पिता प्रताप सिंह और गृहणी माता अनीता यादव ने अपने बेटे की इस उपलब्धि पर गर्व महसूस करते हुए कहा कि हिमांशु उनकी इकलौती संतान है और वे चाहते हैं कि देश का हर युवा देश की सेवा करने के जज्बे के साथ तैयारी करे।



रेवाड़ी। अपने अभिभावकों के साथ हिमांशु। फोटो : हरिभूमि

---

*पुलिसबल की मौजूदगी में डीटीपी की कार्रवाई का कहीं विरोध नहीं हुआ*

# मंगलेश्वर में दो एकड़ की अवैध कॉलोनी जमींदोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

डीटीपी विभाग की टीम ने मंगलवार को बावल क्षेत्र में खेड़ामुरार रोड की राजस्व सीमा में अवैध रूप से विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी को जमींदोज किया। पुलिसबल की मौजूदगी में डीटीपी की कार्रवाई का कहीं विरोध नहीं हुआ। डीटीपी की लगातार कार्रवाई के बाद भी कॉलोनाइजर व डीलर नई कॉलोनियां विकसित करने में लगे हुए हैं। डीटीपी के निर्देश पर मंगलवार को पुलिसबल व ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ टीम गांव मंगलेवर में पहुंची। जहां डीटीपी की टीम ने करीब 2 एकड़ जमीन पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी में 5 डीपीसी, 2 चारदिवारी व कच्चे रोड नेटवर्क पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की। इसके अलावा डीटीपी की टीम ने गांव कालड़ावास, बावल तहसील व रेवाड़ी में अवैध रूप से विकसित हो रहे निर्माणों को ध्वस्त किया। पुलिस बल की मौजूदगी के चलते डीटीपी की इस कार्रवाई का कोई विरोध नहीं हुआ।

> डीटीपी की लगातार कार्रवाई के बाद भी कॉलोनाइजर व डीलर नई कॉलोनियां विकसित करने में लगे हुए

### कई स्थानों पर डीटीपी का एक्शन



रेवाड़ी। अवैध रूप से बनाए गए निर्माण तोड़ती जेसीबी। फोटो : हरिभूमि

### प्लाट खरीदने से पहले पूछताछ करें लोग : सिहाग



डीटीपी मंदीप सिहाग

डीटीपी मंदीप सिहाग ने कहा कि लोगों को बार-बार यह बताया जाता है कि वह प्लॉट खरीदने से पहले उनके कार्यालय में आकर पूछताछ जरूर करें। लोग प्रॉपर्टी डीलरों में चंगुल में फंसकर अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदते हैं। जब वह निर्माण शुरू करते हैं, तो विभाग की ओर से उन्हें गिराने की कार्रवाई की जाती है। इससे प्लॉट खरीदकर निर्माण करने वाले लोगों को दोहरा नुकसान उठाना पड़ता है। लोगों को चाहिए कि वह नियमित कॉलोनियों में ही प्लॉट या मकान खरीदें, ताकि उन्हें आर्थिक नुकसान का सामना नहीं करना पड़े।

---

### शकूरबस्ती-जैसलमेर रेलसेवा में विभिन्न श्रेणी के तीन डिब्बों की बढ़ोतरी

**रेवाड़ी।** रेलवे की ओर से अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए शकूरबस्ती-जैसलमेर-शकूरबस्ती रेलसेवा में 1 थर्ड एसी व 2 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बों की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है। उत्तर पश्चिम रेलवे के सीपीआरओ शशि किरण ने बताया कि गाड़ी संख्या 12249/12250 शकूरबस्ती-जैसलमेर-शकूरबस्ती रेलसेवा में शकूरबस्ती से 17 दिसंबर से 31 दिसंबर तक एवं जैसलमेर से 18 दिसंबर से 1 जनवरी तक 1 थर्ड एसी व 2 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बों की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है।



# सितारों के सितारे में अनोखी और भावुक कहानी की मिली झलक

**मुंबई।** आमिर खान ऐसे कलाकार हैं, जो अपनी अलग तरह की सोच के लिए जाने जाते हैं। जल्द ही उनका प्रोडक्शन 'सितारों के सितारे' को थिएटर में रिलीज करेगा। हाल ही इस खास डॉक्यूमेंट्री का ट्रेलर रिलीज हुआ। इसी साल आमिर खान स्टारर एक फिल्म 'सितारे जमीन पर' रिलीज हुई थी। इस फिल्म की कहानी के अहम किरदार कुछ स्पेशल किड्स थे। अब इन बच्चों की जिंदगी के पीछे के असल सितारों की कहानी को आमिर खान प्रोडक्शन एक डॉक्यूमेंट्री 'सितारों के सितारे' के जरिए बयां करेंगे। जल्द ही यह डॉक्यूमेंट्री थिएटर में रिलीज भी होगी। आमिर खान की फिल्म 'सितारे जमीन पर' पर कुछ स्पेशल चाइल्ड नजर आए थे। इन बच्चों ने फिल्म में कमाल का अभिनय किया था। इन बच्चों के पैरेंट्स का कैसा स्ट्रगल रहा? कैसे उन्होंने अपने स्पेशल चाइल्ड को पाला? और कैसे ये बच्चे फिल्म 'सितारे जमीन पर' क्या हिस्सा बने? इन बातों को डॉक्यूमेंट्री 'सितारों के सितारे' में समेटा गया है।

लाइफ Style



# श्रद्धा

## हमारी भावनाओं के साथ मत खेलो

एजेंसी ▶▶| मुंबई

रणवीर सिंह की 'धुरंधर' इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर छाई हुई है। वहीं, दूसरी ओर फिल्म को कई सेलेब्स से भी लगातार प्रशंसा मिल रही है। अक्षय कुमार, विक्की कौशल और ऋतिक रोशन से लेकर अल्लू अर्जुन और सामंथा रुथ प्रभु जैसे सितारों ने फिल्म की जमकर प्रशंसा की है। अब इस लिस्ट में श्रद्धा कपूर का नाम भी शामिल हो गया है।

श्रद्धा ने फिल्म की तारीफ करते हुए दूसरे पार्ट के लिए भी अपनी उत्सुकता जाहिर की है। साथ ही उन्होंने आदित्य धर से दूसरा पार्ट जल्दी लाने की भी बात कही। श्रद्धा कपूर ने फिल्म की तारीफ करते हुए अपने इंस्टाग्राम पर कई स्टोरीज साझा कीं। अपनी स्टोरीज में उन्होंने लिखा, 'आदित्य धर का धुरंधर बनाना वाकई बुरा लग रहा है, क्योंकि दूसरे पार्ट के लिए हमें तीन महीने का इंतजार करवाया है। हमारी भावनाओं के साथ खिलवाड़ मत करो। कृपया इसे पहले रिलीज कर दो।' श्रद्धा ने आगे फिल्म की तारीफ करते हुए कहा कि क्या शानदार अनुभव रहा। अगर सुबह शूट नहीं होता तो अभी जाकर दोबारा देखती है। आगे इस साल हिंदी सिनेमा को मिली हिट फिल्मों का जिक्र करते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि छावा, सैयारा और धुरंधर सभी 2025 के हिंदी सिनेमा में। आगे श्रद्धा कपूर ने आदित्य धर की पत्नी और एक्ट्रेस यामी गौतम को मिले निगेटिव पीआर के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, 'यामी गौतम को निगेटिव पीआर और मनगढ़ंत विवादों का सामना करना पड़ा, लेकिन धुरंधर ने इन सब का सामना किया और शानदार प्रदर्शन किया। कोई भी बुरी ताकत एक अच्छी फिल्म को नीचे नहीं गिरा सकती। हमें दर्शकों पर भरोसा है। हमारी भावनाओं से मत खेलो। धुरंधर बॉक्स ऑफिस पर लगातार तहलका मचाए हुए है।

## हॉलीवुड मसाला



# ल्यूक स्पेंसर के रोल ने बदली किस्मत

**लॉस एंजिल्स।** टीवी की दुनिया में कुछ किरदार ऐसे होते हैं, जो कलाकार से कहीं आगे निकलकर एक पूरी पीढ़ी की यादों का हिस्सा बन जाते हैं। अमेरिकी टेलीविजन इतिहास में ल्यूक स्पेंसर ऐसा ही एक नाम है। इस यादगार किरदार को अमर करने वाले अभिनेता एंथनी गीरी का 78 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। एंथनी गीरी का जन्म अमेरिका के यूटा राज्य में हुआ था। बचपन से ही अभिनय की ओर झुकाव रखने वाले गीरी ने थिएटर के जरिए अपने कॅरियर की नींव रखी। यूनिवर्सिटी ऑफ यूटा से थिएटर स्कॉलरशिप मिलने के बाद उन्होंने अभिनय को गंभीरता से अपनाया और 1970 के दशक में लॉस एंजेलिस का रुख किया। शुरुआती दौर में उन्होंने कई लोकप्रिय टीवी शोज में छोटे-छोटे किरदार निभाए, जिससे इंडस्ट्री में उनकी पहचान बनने लगी।




# इंटरनेट पर लीक हुए अवेंजर्स: डूम्सडे के टीजर

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स की सबसे मच अवेटेड फिल्मों में से एक 'अवेंजर्स: डूम्सडे' रिलीज से पहले ही जबरदस्त चर्चा में आ गई है। वजह है फिल्म के तीन टीजर ट्रेलर्स का ऑनलाइन लीक हो जाना, जिसने मार्वल स्टूडियो की पूरी मार्केटिंग रणनीति को हिला कर रख दिया है। इन लीक वीडियोज ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है और फैंस के बीच कयासों का दौर तेज हो गया है। बताया जा रहा है कि मार्वल स्टूडियो ने 'अवेंजर्स डूम्सडे' के लिए एक बेहद खास प्रमोशनल प्लान तैयार किया था। स्टूडियो का प्लान था कि फिल्म के चार अलग-अलग टीजर ट्रेलर सिनेमाघरों में एक्सक्लूसिव तौर पर दिखाए जाएं। ये ट्रेलर्स जेम्स कैमरून की फिल्म 'अवतार: फायर एंड ऐश' के साथ अटैच किए जाने थे, ताकि बड़े पर्दे पर मार्वल का अनुभव और भी भव्य हो सके। लेकिन थिएटर में बैठे कुछ दर्शकों ने इन क्लिप्स को रिकॉर्ड कर लिया और देखते ही देखते तीन टीजर इंटरनेट पर वायरल हो गए। लीक हुए टीजर ट्रेलर्स में जो बातें सामने आई हैं, उन्होंने मार्वल फैन्स को हैरान कर दिया है।



# पठान 2 में होगी जूनियर एनटीआर की एंट्री

**मुंबई।** इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर रणवीर सिंह की स्पाई-थ्रिलर फिल्म धुरंधर धमाका मचाए हुए है। इस बीच अब यशराज फिल्म के स्पाई-यूनिवर्स की फिल्म पठान 2 को लेकर भी चर्चाएं शुरू हो गई हैं। बीते दिनों शाहरुख खान की मौजूदगी में पठान 2 के बनने की बात सामने आई थी। इसके बाद अब शाहरुख की इस आगामी फिल्म को लेकर एक नई चर्चा जोरों पर चल रही है। इन चर्चाओं के सामने आने के बाद अब 'पठान 2' को लेकर फैंस का उत्साह और भी बढ़ गया है। एक रिपोर्ट में ये दावा किया जा रहा है कि स्पाई यूनिवर्स का नया हिस्सा बने जूनियर एनटीआर अब शाहरुख खान की 'पठान 2' में भी नजर आएंगे। चर्चाएं हैं कि 'पठान 2' में जूनियर एनटीआर को लेने की बात चल रही है। ऐसी चर्चा है कि फिल्म में जूनियर एनटीआर की भूमिका सिर्फ एक छोटी सी झलक से कहीं अधिक होगी।



# सनी की दमदार आवाज में बॉर्डर 2 का टीजर रिलीज

**मुंबई।** एक बार फिर सिनेमाघरों में दिखेगी भारतीय सेना के शौर्य की कहानी। अब फैंस का इंतजार खत्म हुआ और सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी स्टारर 'बॉर्डर 2' का टीजर मंगलवार को रिलीज हो गया है। 23 जनवरी को रिलीज होने वाली इस फिल्म का दर्शक बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। टीजर में एक्शन और इमोशन के साथ शौर्य की गाथा देखने को मिलती है। टीजर की शुरुआत सनी देओल के वॉइस ओवर से होती है। जिसमें वो कहते हैं, 'तुम जहां से भी घुसने की कोशिश करोगे, आसमान से, जमीन से, समंदर से.. सामने एक हिंदुस्तानी फौजी खड़ा पाओगे। जो आंखों में आंखें डालकर सीना ठोककर कहेगा हिम्मत है तो आ, ये खड़ा है हिंदुस्तान।' इसके बाद टीजर में 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध को दिखाया गया जाता है।

## टीवी मसाला



# तारक मेहता का उल्टा चश्मा के अब्दुल हैं 2 रेस्टोरेंट के मालिक

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता...' साल 2008 में शुरू हुआ था, और तभी से शरद संकला इसमें अब्दुल का किरदार निभाते आ रहे हैं। हालांकि, इससे पहले सात साल तक शरद संकला बेरोजगार थे। उनके पास कोई काम नहीं था। हाल ही एक इंटरव्यू में शरद संकला ने अपने स्ट्रगल के दिनों को याद किया। मालूम हो कि शरद संकला ने बॉलीवुड में भी काम किया है। वह कुछ फिल्मों में छोटे-मोटे रोल्स में नजर आए। यहां तक कि वह शाहरुख खान स्टारर बादशाह और बाजीगर के अलावा हम हैं राही प्यार के, हम आपके दिल में रहते हैं और साजन चले ससुराल में भी नजर आए थे। पर एक समय ऐसा था, जब शरद संकला के पास कोई काम नहीं था, और वह 7 साल तक खाली बैठे थे। लेकिन फिर 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' मिला, और उनकी जिंदगी बदल गई। शरद संकला आज हर घर में पहचाने जाते हैं और उनकी शो से अच्छी कमाई भी हो रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्हें 'तारक मेहता' में एक एपिसोड के लिए 35-40 हजार रुपए फीस मिलती है। इसके अलावा उनके मुंबई में दो रेस्टोरेंट हैं, जिनसे अच्छी कमाई होती है। शरद संकला का एक रेस्टोरेंट जुहू में है और इसका नाम 'पार्ले पॉइंट' है और दूसरा अंधेरी में है, जिसका नाम 'चार्ली कबाब' है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, शरद संकला की नेट वर्थ 4-6 करोड़ रुपए बताई जाती है।

## तान्या की रईसी की फिर खुली पोल!

**नई दिल्ली।** तान्या मित्तल 'बिग बॉस 19' से निकलकर अपने घर ग्वालियर पहुंच गई हैं। वहां पहुंचते ही उन्होंने कई वीडियोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए और लोगों को अपनी रईसी का सबूत देने लगीं। लेकिन



इसी बीच उनसे एक बड़ी भूल हो गई, जिसके बाद तो लोगों ने उनको झूठा और फेक कहने में कोई कसर नहीं छोड़ी। क्योंकि इस बार लोगों ने सबूत भी पेश किया है, जो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। तान्या मित्तल ने इंस्टा स्टोरी पर ग्वालियर पहुंचते ही एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें वह कार के अंदर से पीछे आ रही गाड़ी का वीडियो बना रही थीं और कह रही थीं, 'अम्मू आ गया। आ जा... आ जा...।' अब उसमें उनके भाई अमृतेश तो नजर नहीं आ रहे थे लेकिन कार जरूर दिख रही थी, जिसकी नंबर प्लेट दिल्ली और मध्यप्रदेश की नहीं, बल्कि उत्तराखंड की थी। एक्स हैंडल पर एक यूजर ने तान्या की स्टोरी का स्क्रीनशॉट पोस्ट किया है, जिसमें लिखा है, 'अम्मू आ गया।' वहीं, दूसरी फोटो आईटीओ डिटेल्स की है, जिसमें गाड़ी का नंबर यूके07डीके3600 है और मालिक का नाम छिपाया गया है।

# विक्रांत बेस्ट एक्टर, छाई रही ब्लैक वॉरंट जयदीप ने पाताल लोक 2 के लिए जीता अवॉर्ड


**मुंबई।** सोमवार 15 दिसंबर को फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड्स 2025 इवेंट आयोजित हुआ है। मुंबई में हुए इस कार्यक्रम में विजेताओं को पुरस्कार बांटे गए हैं। इवेंट में एक्टिंग, डायरेक्शन, बेस्ट स्टोरी, बेस्ट साउंड डिजाइन से लेकर टेक्निकल सहित कई श्रेणियों में विजेताओं को अवॉर्ड दिए गए हैं। अनन्या पांडे अभिनीत फिल्म कंट्रोल ने तीन अवॉर्ड्स पर कब्जा जमाया है।

### बेस्ट सीरीज क्रिटिक्स का अवॉर्ड

अभिनेता जयदीप अहलावत को बेस्ट एक्टर, सीरीज (मेल) ड्रामा का फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड 'पाताल लोक सीजन 2' के लिए मिला है। बेस्ट सीरीज क्रिटिक्स का अवॉर्ड भी 'पाताल लोक सीजन 2' को मिला है।

### प्रीति पाणिग्रही बनीं बेस्ट एक्ट्रेस

बेस्ट एक्टर, वेब ओरिजनल फिल्म (फीमेल) का क्रिटिक्स अवॉर्ड प्रीति पाणिग्रही को फिल्म 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स' के लिए दिया गया। उन्होंने अवॉर्ड लेकर खुशी साझा की और दर्शकों का शुक्रिया अदा किया। अभिषेक बनर्जी को थ्रिलर फिल्म 'स्टोलन' के लिए बेस्ट एक्टर, वेब ओरिजनल फिल्म (मेल) का फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड मिला है।



### पाताल लोक सीजन 2 को मिले ये अवॉर्ड

बेस्ट ओरिजिनल स्क्रीनप्ले, सीरीज का फिल्मफेयर अवॉर्ड सुदीप शर्मा, अभिषेक बनर्जी और राहुल कनौजिया, तमाल सेन को 'पाताल लोक' सीजन 2 के लिए प्रदान किया गया है। इसके अलावा इसी सीरीज के लिए सुदीप शर्मा को बेस्ट स्टोरी का भी फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला है।

### सेक्टर 36 के लिए विक्रांत को मिला अवार्ड

वेब ओरिजनल फिल्म (मेल) क्रिटिक्स के लिए बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड विक्रांत मैसी की झोली में आया। उन्हें यह अवॉर्ड 'सेक्टर 36' के लिए दिया गया है। फिल्म फेयर ओटीटी अवॉर्ड्स में बेस्ट एक्टर, सीरीज (मेल): क्रिटिक्स ड्रामा जहान कपूर को 'ब्लैक वॉरंट' के लिए दिया गया है। बेस्ट डायरेक्टर, सीरीज (क्रिटिक्स) अवॉर्ड अनुभव सिन्हा को 'आईसी 814: द कंधार हाईजैक' के लिए दिया गया है। इसके अलावा 'द हंट: द राजीव गांधी एसासिनेशन केस' के लिए नागेश कुकुनूर को भी बेस्ट डायरेक्टर, सीरीज (क्रिटिक्स) का फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड दिया गया।

# भुज से लेकर द गाजी अटैक तक, इन फिल्मों में दिखी विजय दिवस की कहानी

**नई दिल्ली।** यूं तो कई जांबाज भारतीय सैनिकों ने अपनी जुबानी इस जंग की कहानी सुनाई है पर विजय दिवस और 1971 में हुए भारत-पाकिस्तान के युद्ध की पृष्ठभूमि पर कई फिल्में भी बनी हैं।

### द गाजी अटैक (2017)

1971 के इस युद्ध में पाकिस्तान की पनडुब्बी पीएनएस गाजी का अहम किरदार था। कहा जाता है कि इसका मकसद भारत का विमानवाहक पोत, आईएनएस विक्रांत को तबाह करना था पर भारतीय नौसेना ने इसे तबाह कर दिया था। जंग के इसी पहलू को फिल्म 'द गाजी अटैक' में दिखाया गया था। फिल्म में राणा दग्गुबाती, केके मेनन, अतुल कुलकर्णी और तापसी पन्नू अहम किरदारों में थे। इस फिल्म को 65वें राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह में सर्वश्रेष्ठ तेलुगु फीचर फिल्म के सम्मान से नवाजा गया था।

### भुज- द प्राइड ऑफ इंडिया (2021)

अभिषेक दुधैया निर्देशित इस फिल्म की कहानी भी 1971 में हुए भारत-पाकिस्तान युद्ध पर आधारित थी। फिल्म में इंडियन एयर फोर्स के स्क्वाड्रन लीडर विजय कार्णिक की कहानी बयां की गई, जो उस समय भुज एयर फोर्स बेस के इंचार्ज थे। विजय कार्णिक ने माधापार गांव की 300 स्थानीय महिलाओं की मदद से 72 घंटों में टूटी हुई हवाई पट्टी को फिर से बनाया था। इस फिल्म में अजय देवगन ने कार्णिक का रोल निभाया था। साथ में संजय दत्त, सोनाक्षी सिन्हा, नोरा फतेही, शरद केलकर और एमी विर्क भी नजर आए थे।



### पिप्पा (2023)

शाहिद कपूर के छोटे भाई ईशान खट्टर अभिनीत फिल्म 'पिप्पा' की कहानी भी 1971 के युद्ध पर आधारित थी। कहानी भारत की 45 कैवलरी रेजिमेंट के कप्तान बलराम सिंह मेहता के जीवन पर आधारित थी, जिन्होंने अपने भाई-बहनों के साथ 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान पूर्वी मोर्चे पर लड़ाई लड़ी थी। यह 1971 में गरीबपुर की लड़ाई के दौरान हुई असली घटनाओं पर आधारित थी। फिल्म में ईशान के अलावा मृणाल ठाकुर और प्रियांशु पैन्यूली ने भी अहम किरदार निभाया था।

## लाल सिंह चड्ढा से लेकर प्लेयर्स तक बॉलीवुड फिल्में दर्शकों के लिए तरसीं

# हिट हॉलीवुड फिल्मों की ये रीमेक फिल्में रहीं फ्लॉप

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बॉलीवुड में कई हॉलीवुड फिल्मों के रीमेक बने हैं। इन फिल्मों को खूब सराहना मिली है। हालांकि, कुछ ऐसी भी फिल्में हैं जो हॉलीवुड में खूब चली हैं, लेकिन उनके रीमेक बॉलीवुड में कुछ खास कमाल नहीं कर पाए हैं। आज हम उन फिल्मों के बारे में जानेंगे जो कामयाब हॉलीवुड फिल्मों का रीमेक हैं लेकिन वह दर्शकों को नहीं लुभा पाईं।



### लाल सिंह चड्ढा

साल 2022 में रिलीज हुई फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' हॉलीवुड फिल्म 'फॉरेस्ट गम्प' का रीमेक थी। इसमें आमिर खान और करीना कपूर जैसे बड़े कलाकारों ने किरदार निभाया। इसके बावजूद यह फिल्म दर्शकों को नहीं लुभा पाई। इससे साबित होता है कि अगर हॉलीवुड की कोई फिल्म ज्यादा पसंद की गई हो, तो जरूरी नहीं कि हिंदी में भी पसंद की जाए।




### प्लेयर्स

*साल 2012 में रिलीज हुई फिल्म 'प्लेयर्स' हॉलीवुड फिल्म 'द इटालियन जॉब' का रीमेक थी। इसमें अभिषेक बच्चन, सोनम कपूर और बॉबी देओल जैसे कलाकार थे। उम्मीद की जा रही थी कि फिल्म खूब चलेगी। हालांकि बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म कमाल नहीं कर पाई। आलोचकों से भी इसे सराहना नहीं मिली।*

### एक्शन रिप्ले

साल 2010 में रिलीज हुई फिल्म 'एक्शन रिप्ले' में अक्षय कुमार और ऐश्वर्या राय ने भूमिका निभाई थी। यह फिल्म 'बैक टू द फ्यूचर' की रीमेक थी। इसमें ऐसे बच्चे की कहानी दिखाई गई है, जो अपने माता-पिता के बिगड़े रिश्ते को ठीक करने के लिए टाइम मशीन का इस्तेमाल करता है। हालांकि, यह फिल्म दर्शकों का दिल नहीं जीत पाई।



### गॉड तुस्सी ग्रेट हो

सलमान खान और प्रियंका चोपड़ा की अदाकारी वाली फिल्म 'गॉड तुस्सी ग्रेट हो' साल 2008 में रिलीज हुई थी। यह फिल्म हॉलीवुड फिल्म 'ब्रूस ऑलमाइटी' की रीमेक थी। फिल्म में सलमान खान ने एक ऐसे व्यक्ति की भूमिका निभाई है, जो अपनी जिंदगी से परेशान है और उसे एक दिन के लिए भगवान बनने का मौका मिलता है। फिल्म दर्शकों को सिनेमाघरों तक बुलाने में नाकाम रही।

### दिल बोले हड़िप्पा

फिल्म 'दिल बोले हड़िप्पा' (2009) में रानी मुखर्जी ने एक ऐसी महिला का किरदार निभाया है, जो पुरुष क्रिकेट टीम में खेलने के लिए पुरुष का वेश धारण करती है। फिल्म कॉमेडी थी लेकिन दर्शकों ने इसे नकार दिया। यह फिल्म 'शी इज द मैन' का रीमेक थी। इसमें रानी मुखर्जी के साथ शाहिद कपूर भी थे।



## खबर संक्षेप

### सट्टा खाईवाली करते दो आरोपित गिरफ्तार

**नारनौल।** सीआईए ने सट्टा खाईवाली के खिलाफ दोहरी सफलता हासिल की है। सीआईए ने गुप्त सूचना के आधार पर शहर के अलग अलग स्थानों पर छापेमारी कर दो आरोपितों को जुआ खेलते व खिलवाते हुए गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से हजारों रुपये की नकदी व सट्टा उपकरण बरामद किए गए हैं। सीआईए की एक टीम ने मोहल्ला नलापुर में दबिश दी। पुलिस को सूचना मिली थी कि नलापुर निवासी रतनलाल अपने घर पर अवैध रूप से सट्टा खाईवाली का काम कर रहा है। सूचना को पुख्ता मानते हुए पुलिस ने रेड की और मौके से रतनलाल को काबू किया।

### बच्चे को बाइक चालक ने मारी टक्कर

**कनीना।** सड़क हादसे में मां के साथ चल रहा तीन वर्षीय बच्चा घायल हो गया। इस बारे में धर्मबीर वासी करीरा ने सिटी थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी पुत्री रितु व उसका तीन वर्षीय बेटा कनीना से सामान खरीदकर वापस जा रहे थे। बिजली घर के समीप पहुंचे तो पीछे से तेज गति से आई बाइक ने उसे टक्कर मार दी। जिससे तीन वर्षीय बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से घायल बच्चे को तत्काल उप नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया।

### डीटीपी ने की अवैध कॉलोनी में तोड़फोड़

**नारनौल।** जिला नगर योजनाकार टीम ने मंगलवार को शहरी क्षेत्र में नीरपुर बस स्टैंड के पास राजस्व सम्पदा मौजा पटीकरा व नीरपुर में लगभग पांच एकड़ भूमि में अवैध कॉलोनी में तोड़फोड़ की कार्रवाई की। इस कार्रवाई में लगभग पांच एकड़ भूमि में 30 डीपीसी व छह चारदीवारी के साथ-साथ सभी रोड नेटवर्क उखाड़ दिए गए। यह पूरी तोड़फोड़ कार्रवाई डयूटी मजिस्ट्रेट सतेन्द्र कुमार सहायक नगर योजनाकार की अगुवाई में पुलिस बल की मौजूदगी में जिला प्रशासन की मदद से अमल में लाई गई।

### ग्रामीणों ने रोका घटिया पशु अस्पताल निर्माण

**मंडी अटेली।** क्षेत्र के गांव छापड़ा सलीमपुर में पशु हॉस्पिटल की चारदीवारी का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस निर्माण में घोर अनियमितता का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। सोमवार को ग्रामीणों ने विरोध करते हुए घटिया निर्माण कार्य को रोक दिया। ग्रामीणों ने बताया कि निर्माण में घटिया किस्म ईंटें व बिल्कुल हल्की निर्माण सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है, जिसके परिणाम स्वरूप दो दिन पहले चिनाई में प्रयोग हुई सामग्री के कारण हाथ से ईंटें उखाड़ने पर आसानी से उखड़ रही हैं। चारदीवारी निर्माण कार्य में खुलेआम घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों से निर्माण कार्य की जांच की मांग की है। इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि सिंहराज, पूर्व सरपंच राजेन्द्र सिंह, रामसिंह, उदयभान, मेनपाल, अभय सिंह, अनिल, मनोज, गुलाब सिंह, दाताराम व रामू सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

# पीएचडी व नेट की तैयारी कर रहे लुटेरों से हथियारों के साथ मिले जैमर व जीपीएस डिटेक्टर

- रेवाड़ी में सीआईए जांच में जुटी किसी बड़ी वारदात की फिराक में तो नहीं थे लूट के आरोप
- रिमांड के पहले दिन पुलिस को घुमाते रहे लूट के आरोपी, गहन पूछताछ के बाद हो सकता मामले में बड़ा खुलासा

नरेंद्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी

सोमवार की रात अलीगढ़ के टैक्सी चालक संजय को गोली मारकर लूट की वारदात को अंजाम देने वाले दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इनके कब्जे से पुलिस ने दो पिस्टल, 89 कारतूस, तीन मैगजीन व 4 मोबाइल फोन के साथ-साथ जैमर व जीपीएस डिटेक्टर भी बरामद किया है। आरोपी अजमेर निवासी देवांशु जयपुर से पीएचडी कर रहा है। उसके पिता सूरजभान राजस्थान पुलिस में सेवारत है। वहीं, दूसरा आरोपी आजमगढ़ निवासी शुभम भी एमए पास करने के बाद नेट की तैयार कर रहा है। दोनों उच्च शिक्षित होते हुए अपराध की दुनिया में कैसे कदम रख गए, यह बड़ा सवाल पुलिस के लिए भी गुत्थी बन गया है। वहीं, इनके कब्जे से जैमर व जीपीएस डिटेक्टर मिलने से भी पुलिस की टेंशन बढ़ गई है। पुलिस के सामने सवाल है कि कहीं यह आरोपी किसी देश विरोधी गतिविधि या किसी बड़ी वारदात करने की फिराक में तो नहीं थे। हथियारों व उपकरणों के बैग अज्ञात स्थान पर डालना भी मामले को गंभीर बना रहा है। दोनों का हथियारों के साथ देश की राजधानी में पहुंचना और पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन से जयपुर की ओर लौटना सुरक्षा व्यवस्था की खामियों को भी उजागर कर रहा है। अनुमान यह भी लगाया जा रहा है कि आरोपी कहीं दिल्ली यह हथियार और सामान तो लेने के लिए नहीं गए थे। सीआईए का भी मानना है कि पिस्टल व बड़ी संख्या में कारतूस मिलना बड़ी बात नहीं है, परंतु वेव ब्लॉकर और जीपीएस डिटेक्टर का मिलना सामान्य घटना नहीं है।


रेवाड़ी। आरोपियों से बरामद किए गए हथियार व उपकरण। फोटो : हरिभूमि

### उपकरण मिलना गंभीर मामला

बदमाशों से हथियार मिलना सामान्य हो सकता है, परंतु इस तरह के उपकरण मिलना जांच का विषय है। पूछताछ के दौरान दोनों पुलिस को घुमा रहे हैं। अभी खुलकर कुछ भी नहीं बता रहे हैं, लेकिन जल्द ही दोनों से उपकरणों के इस्तेमाल के मकसद के बारे में पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं।
-सुमेर सिंह, इंचार्ज, सीआईए।

### दोनों उपकरणों का मिलना खतरनाक

वेव ब्लॉकर अलग-अलग तरह की तरंगों को ब्लॉक या मॉडिफाई करते है। मोबाइल रेडिएशन को कम करने के साथ-साथ यह कॉल और इंटरनेट सेवा को बंद कर सकते हैं। इनसे पावर लाइन्स में संचार सिग्नल रोके जा सकते हैं। जीपीएस डिटेक्टर किसी व्यक्ति, वस्तु या वाहन की सटीक लोकेशन पता करने में सहायक होते हैं। जानकारों के अनुसार राष्ट्र विरोधी तत्व इस तरह के उपकरणों का इस्तेमाल कर सकते हैं।

### पहले दौर की पूछताछ में साधी चुप्पी

टैक्सी चालक ने गोली लगने के बाद दोनों से उसे छोड़ देने की गुहार लगाई तो उन्होंने बताया कि उनका कार्य पूरा होने के बाद वह उसे छोड़ देंगे। इसके बाद गाड़ी को अज्ञात स्थान पर ले गए। वहां उनके पास मौजूद दो बड़े बैग एक स्थान पर रखे और चालक को शहर में छोड़कर भाग गए। दोनों युवकों ने आरंभिक पूछताछ के दौरान पूरी तरह चुप्पी साधे रखी। पुलिस के सामने इधर-उधर की बातें करते रहे।

# सभी केसों को नालसा पोर्टल पर करें अपलोड


नारनौल। पैनल अधिवक्ताओं व कानूनी स्वयंसेवकों की बैठक लेती सीजेएम नीलम कुमारी। फोटो : हरिभूमि

- सीजेएम ने ली पैनल अधिवक्ताओं व कानूनी स्वयंसेवकों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नीलम कुमारी ने मंगलवार को एडीआर सेंटर में पैनल अधिवक्ताओं व कानूनी स्वयंसेवकों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशानिर्देश दिए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नीलम कुमारी ने पैनल अधिवक्ताओं को निर्देश दिए कि वह अपने सभी केसों को नालसा पोर्टल पर अपलोड करें। उन्होंने बैठक के दौरान आगामी 14 मार्च 2026 को होने वाली लोक अदालत के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक लोगों को राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए जागरूक करें, ताकि अधिक से अधिक लोग अपना केस लगवाकर अपने केसों का निपटारा करवा सकें।

उन्होंने कहा कि प्राधिकरण का मुख्य उद्देश्य कमजोर व गरीब वर्ग को न्याय प्रदान करना तथा उनके अधिकारो के बारे में जागरूक करना है। गांवों में कानूनी जागरूकता शिविर लगाकर उनके अधिकारों व कृतव्यों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से समय समय पर हरियाणा राज्य विधिक प्राधिकरण पंचकूला की ओर से भेजी गई कानूनी पुस्तकें व पैंपलेट भी लोगों को वितरित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत जिले में आनलाईन प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया रहा है, जिसमें अधिक से अधिक लोग भाग लें।

### सुगम रेल संचालन हेतु फुलेरा स्टेशन यार्ड में तकनीकी कार्य, रेल सवाएं रहेंगी प्रभावित

*नारनौल। उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर मण्डल के फुलेरा स्टेशन यार्ड में तकनीकी कार्य हेतु ब्लॉक लिया जा रहा है। इस कार्य के कारण रेल यातायात प्रभावित रहेगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी शशि किरण के अनुसार उपरोक्त कार्य के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित रेलसेवाएं प्रभावित रहेगी। गाड़ी संख्या 19619 फुलेरा-रेवाड़ी रेलसेवा 30 दिसंबर, चार जनवरी, 13, 18, 19, 20, 25 व 26 जनवरी को (आठ ट्रिप) फुलेरा के स्थान पर पीपली का बास से संचालित होगी। अर्थात यह रेलसेवा फुलेरा-पीपली का बास स्टेशनों के मध्य आंशिक रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 19620 रेवाड़ी-फुलेरा रेलसेवा 30 दिसंबर, चार जनवरी, 13, 18, 19, 20, 25 व 26 जनवरी (आठ ट्रिप) को रेवाड़ी से प्रस्थान करेगी। यह रेलसेवा पीपली का बास स्टेशन तक ही संचालित होगी। अर्थात यह रेलसेवा पीपली का बास-फुलेरा स्टेशनों के मध्य आंशिक रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 19620 रेवाड़ी-फुलेरा रेलसेवा 28 दिसंबर को रेवाड़ी से प्रस्थान करेगी। यह रेलसेवा पीपली का बास स्टेशन पर 50 मिनट रेगूलेट रहेगी। गाड़ी संख्या 14701 श्रीगंगानगर-बान्द्रा टर्मिनस रेलसेवा 29 दिसंबर, तीन जनवरी, 12, 17, 18, 19, 24 व 25 जनवरी को श्रीगंगानगर से प्रस्थान करेगी।*

## कृषि विभाग ने जारी की एडवाइजरी, सफेद रतुआ भी पहचान करके करें दवा का प्रयोग


# दिन व रात के तापमान में बड़ा अंतर, फसलों के लिए नुकसान

जिले में लगभग 111000 हेक्टेयर क्षेत्र में की गई है सरसों की बिजाई

*कुछ दिनों से जिले में रात्रि तापमान लगभग छह से सात डिग्री व दिन का तापमान 23 से 25 डिग्री के आसपास दर्ज किया जा रहा है, जो फसलों के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के चलते तापमान में लगातार उतार-चढ़ाव देखने का मिल रहा है। वहीं दूसरी ओर दिन व रात के तापमान में भी बड़ा अंतर बना हुआ है। गत कुछ दिनों से जिले में रात्रि तापमान लगभग छह से सात डिग्री व दिन का तापमान 23 से 25 डिग्री के आसपास दर्ज किया जा रहा है, जो फसलों के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है। खासकर दिन का तापमान सरसों की फसल को ज्यादा नुकसान पहुंचा सकता है। हालांकि मंगलवार को दिन के तापमान में पांच डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। वहीं दूसरी ओर बारिश की भी कोई संभावना नहीं है। ऐसे में किसानों को सलाह दी जाती है कि सरसों की सिंचाई करें तथा उसका समय-समय पर निरीक्षण भी करते रहे।


नारनौल। खेत में लहलहाती सरसों की फसल। फोटो : हरिभूमि

### किसानों के लिए सलाह

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने जिले के किसान भाईयों के लिए सरसों की फसल की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण सलाह जारी की है। विभाग ने किसानों को सलाह दी है कि वह कृषि विभाग की एडवाइजरी का पालन करें। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि जिले में लगभग 111000 हेक्टेयर क्षेत्र में सरसों की बिजाई की हुई है, जो रबी सीजन की प्रमुख फसल है। यह फसल लगभग 60 से 65 दिनों की हो चुकी है और जैसे जैसे ठंड व गहरा कोहरा बढ़ेगा, सफेद रतुआ व तना गलन जैसी बीमारियों की संभावना बन सकती है।

### पछेती फसल में ज्यादा संभावना

इस संबंध में डीडीए देवेंद्र सिंह ने बताया कि सफेद रतुआ के पहचान के लक्षण तने तथा पत्तियों पर सफेद अथवा पीले क्रीम रंग के कील से प्रकट होते हैं, और तने व फूल बेढंगे आकार के हो जाते हैं, जिन्हें स्टैग हैड कहते हैं। यह ज्यादातर पछेती फसल में होता है। इसके उपचार के लिएए लक्षण नजर आते ही 600 ग्राम मेन्कोजैब डाइथेन या इन्डोफिल एम 45 को 250 से 300 लीटर पानी में मिलाकर प्रति एकड़ की दर से 15 दिनों के अंतराल पर दो से तीन बार छिड़काव करने की सलाह दी गई है।

### किसान समय-समय पर करते रहे फसलों का निरीक्षण

दूसरी संभावित बीमारी तना गलन है, जिसके पहचान के लक्षण तनों पर लम्बे आकार के भूरे जलसिक धब्बे होते हैं, जिन पर बाद में सफेद फफूंद की तह बन जाती है। उन्होंने बताया कि ये लक्षण पत्तों तथा टहनियों पर भी नजर आ सकते हैं। फूल निकलने या फलियां बनने के समय आक्रमण होने पर तने टूट जाते हैं और पौधे मुरझाकर टूट जाते हैं। ऐसे पौधों के तनों पर या तनों के भीतर काले रंग के पिंड स्कलरोशिया बनते हैं। तना गलन के उपचार के लिएए लक्षण नजर आने पर 40 से 45 दिन तथा 65 से 70 दिनों के बाद कारबेन्डाजिम का 250 ग्राम को 200 से 250 लीटर पानी में मिलाकर दो बार छिड़काव करें। अतः जिले के सभी किसान भाईयों को जागरूक करते हुए अनुरोध किया जाता है कि वे समय-समय पर फसल का निरीक्षण करते रहें। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए कृषि विभाग के नजदीकी कार्यालय में संपर्क कर सकते है।

### 19 के बाद आएगी तापमान में गिरावट

मौसम विशेषज्ञ डॉ. चन्द्र मोहन ने बताया कि मंगलवार को दिन के तापमान में सोमवार के मुकाबले पांच डिग्री की गिरावट आई है। उन्होंने बताया कि जिले में नारनौल व महेंद्रगढ़ में दिन व रात का तापमान क्रमशः 20.0, 6.0 डिग्री व 24.6 व 6.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं 19 दिसंबर के बाद तापमान में और ज्यादा गिरावट आएगी।

# 8 साल के बाद शहर में नई रेड लाइट से ट्रैफिक व्यवस्था होगी 'ऑन', तीन जगह चिन्हित

- एक सप्ताह बाद नई ट्रैफिक लाइट लगाने का काम हो जाएगा शुरू, हजारों वाहन रोजाना महावीर चौक से कर रहे आवागमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

शहर की ट्रैफिक व्यवस्था के लिए अच्छी खबर है। करीब आठ साल बाद शहर में तीन जगह रेड लाइट दोबारा ऑन दिखाई देगी। महावीर चौक व हीरो होण्डा चौक पर रेड लाइट लगाई जाएगी। यह इंवेटर बैट्री पर आधारित होगी और बिजली गुल होने के बाद भी इसका बैकअप करीब आठ घंटे का रहेगा। महेंद्रगढ़ रोड के कोर्ट मोड पर ब्लनिंकर लाइट लगेगी। करीब एक साल तक कंपनी ही रिपेयरिंग का कार्य देखेगी। इसके लिए नगर परिषद ने 29 लाख का टेंडर निकाला है। टेंडर भी ओपन हो गया है और एक कंपनी को वर्क ऑर्डर भी जारी कर दिए है। नप प्रशासन का दावा है कि एक सप्ताह बाद तीनों जगह ट्रैफिक लाइट लगाने का कार्य शुरू हो जाएगा। अगर ऐसा हो जाता है तो शहरवासियों को ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर नए साल का तोहफा मिल आपको बताते चले कि करीब 10 साल पहले नगर परिषद की ओर से महावीर चौक, हीरो होण्डा चौक व कोर्ट मोड पर ट्रैफिक लाइट लगाई गई थी। कुछ समय तक तो सब ठीक ठाक रहा। उसके बाद यह रेड लाइट शोपिस बनकर रह गई। महावीर चौक पर दो दिशा में लगी लाइटों को वाहनों ने क्षतिग्रस्त कर दिया है। इस अनियंत्रित यातायात और अक्सर लगने वाले जाम को नियंत्रित करने में ट्रैफिक पुलिस के जवानों को पसीना बहाना पड़ रहा है। खास ये कि रोजाना प्रशासनिक अधिकारी महावीर चौक से आवागमन करते है। इससे न केवल यातायात पुलिस कर्मियों को भारी परेशानी हो रही है, बल्कि हादसों का भी डर बना रहता है।

# 1984 सिख दंगा पीड़ितों को कौशल रोजगार निगम से मिलेगा सम्मानजनक रोजगार

- दंगों से प्रभावित परिवारों को सामाजिक व आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में बड़ा कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा सरकार 1984 के सिख दंगों के पीड़ितों को कौशल रोजगार निगम के माध्यम से नौकरी देगी। इस संबंध में गत दिवस हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने राज्य के विभिन्न उपायुक्त के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की। इस दौरान महेंद्रगढ़ जिला की तरफ से अतिरिक्त उपायुक्त उदय सिंह मौजूद थे। एसीएस ने कहा कि हरियाणा सरकार की ओर से लिया गया यह फैसला 1984 के सिख दंगों से प्रभावित परिवारों को सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

मुख्य सचिव ने बताया कि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का मुख्य उद्देश्य हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत इन पीड़ितों को संविदात्मक सरकारी नौकरी प्रदान करने की प्रक्रिया की समीक्षा और इसका जल्द क्रियान्वयन करना है। उन्होंने सभी जिलों के उपायुक्त को निर्देश दिया कि वे पात्र दंगा पीड़ितों की पहचान और उनके सत्यापन की प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करें, ताकि उन्हें जल्द से जल्द रोजगार उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने बताया कि जिले के पात्र नागरिक 18 दिसंबर दोपहर बाद तीन तक डीसी कार्यालय में सूचना दे सकते हैं। इसके अलावा इस संबंध में मोबाइल नंबर 9896550535 पर संपर्क कर सकते हैं। अतिरिक्त उपायुक्त ने मुख्य सचिव के निर्देशों को जिले में त्वरित और प्रभावी ढंग से लागू करने का आश्वासन दिया। एडीसी ने नागरिकों से आह्वान किया है कि इस योजना के पात्र परिवार जिला प्रशासन से जल्द से जल्द संपर्क करें।

## सांसद की मुख्यमंत्री के साथ मीटिंग का दिखा असर

# लंबे समय से अटके पड़े कार्यों को मंजूरी मिलना शुरू

- दिल्ली के हरियाणा भवन में सांसदों के साथ मुख्यमंत्री ने की थी बैठक, मंजूर हुए मुख्यमंत्री खेत खलिहान के दर्जनों रास्ते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी की पिछले वीरवार को दिल्ली के हरियाणा भवन में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। संसद का शीतकालीन सत्र चल रहा है और ऐसे में सांसदों ने दिल्ली में डेरा जमाया हुआ। सांसद धर्मबीर सिंह ने भी अपनी लोकसभा क्षेत्र के अनेक महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स एवं कुछ ऐसे विकास कार्य जो लंबे समय से अटके पड़े थे या यूं कहें कि लटक गए थे, उन सभी को लेकर मुख्यमंत्री का समय मांगा हुआ था। इस बैठक के बारे में विकास एवं निगरानी समिति सदस्य संदीप मालड़ा ने बताया कि इस बैठक में सांसद धर्मबीर सिंह ने जिला महेंद्रगढ़ के अनेक विकास कार्यों पर मुख्यमंत्री से बातचीत की। उन्होंने विभाग अनुसार एक सूची भी मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारियों को सौंपी, जिसमें विभाग अनुसार महत्वकांक्षी प्रोजेक्ट्स के साथ-साथ लम्बे समय से लटके पड़े विकास कार्यों को लेकर बातचीत हुई। उन्होंने बताया कि जिले में आईएमटी की स्थापना को लेकर भी बात रखी तथा ये भी बातचीत हुई कि इस अति महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट को कैसे सिरे चढ़ाया जा सकता है। इसको लेकर सांसद ने सबसे पहले पंचायती जमीन की रजिस्ट्री करवाकर उसका भुगतान पंचायत के खाते में करने का सुझाव रखा। ऐसा करने से आसपास के किसानों में विश्वास आएगा, जिससे जमीन मिलने का रास्ता खुलेगा। इसके साथ-साथ एक तालमेल कमेटी भी बनाए जाने का सुझाव दिया, जिसमें गांव के लोगों, कुछ अन्य सक्रिय व्यक्तियों के साथ-साथ प्रशासन एवं स्थानीय प्रतिनिधि को भी रखने की बात कही।

### विभाग अनुसार महत्वपूर्ण कार्य जिन्हें लेकर सांसद ने पैरवी की

#### सिंचाई विभाग

- ▶▶ जिले में विभिन्न नहरों के ऊपर 50 के लगभग ऐसी पुलिया हैं, जिनकी मंजूरी लंबे समय से अटकी हुई है।
- ▶▶ महेंद्रगढ़-कनीना सड़क पर गांव उन्हाणी के पास रामपुरी डिस्ट्रीब्यूटरी का साइफन निर्माण।
- ▶▶ जिले के विभिन्न गांवों में दर्जनों जोहड़ों को नहरी नेटवर्क से जोड़ना।
- ▶▶ पिछली बाढ़ नियंत्रण बोर्ड की बैठक में मंजूर हुए गांव जेरपुर-ऊष्मापुर-राजावास प्रोजेक्ट, गांव खेड़की रीचार्ज प्रोजेक्ट एवं गांव डिगरोता प्रोजेक्ट।
- ▶▶ नांगल चौधरी विधानसभा में भूजल रीचार्ज के लिए कुछ विशेष प्रोजेक्ट्स।

#### पंचायती राज

- ▶▶ जिले की लगभग छह दर्जन ग्रामीण ज्ञान केंद्र (वीकेसी) के लिए फंड जारी किया जाए।
- ▶▶ जिले में गांव सिरोही बाहली, बिगोपुर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण जल्द-से-जल्द पूरा किया जाए।
- ▶▶ गांव बिगोपुर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी का निर्माण पूरा करना।
- ▶▶ बहुत से गांवों में ग्राम सचिवालय का निर्माण पूरा करना।
- ▶▶ बहुत से गांवों में धीमी गति से चल रहे उप स्वास्थ्य केंद्रों के पुनर्निर्माण कार्य को जल्द-से-जल्द पूरा करना।

#### लोक निर्माण विभाग

- ▶▶ जेरपुर पाली अंडरपास के लिए बजट स्वीकृति के साथ-साथ अन्य अंडरपास के निर्माण के लिए बजट जारी करना।
- ▶▶ महेंद्रगढ़ में रेस्ट हाउस निर्माण का कार्य शुरू करना।
- ▶▶ महेंद्रगढ़ कॉलेज में प्रशासनिक भवन का निर्माण कार्य शुरू करना।
- ▶▶ जिले के छह करम या अधिक के ऐसे रास्ते जो राजस्थान बार्डर तक जाते हैं, उनके निर्माण को पहले मंजूरी देना-इसके अंतर्गत रावता की ढाणी से राजस्थान बार्डर, चिंडिलिया से नांगल काठा, बूढवाल से राजस्थान बार्डर तथा सतनाली बास से राजस्थान के गांव बलोढा।
- ▶▶ महेंद्रगढ़ शहर के कुछ हिस्से के वैकल्पिक बाइपास के रूप में बुचौली रोड से महेंद्रगढ़-कनीना के कच्चे रास्ते को पक्का करने की मंजूरी, इसकी उपयोगिता को ध्यान में रखकर जल्द-से-जल्द की जाए। इसका लगभग चार करोड़ का ऐस्टिमेट भी भेजा जा चुका है।
- ▶▶ जिला मुख्यालय में जो भी सड़कें दूसरे जिले से जोड़ती हैं, उनकी एंट्री को फोरलेन करना तथा स्ट्रीट लाइट लगाना।
- ▶▶ महेंद्रगढ़ से रेवाड़ी तथा सतनाली रास्ते को भी इसके अंतर्गत रखना।
- ▶▶ लम्बे समय से पेंडिंग पड़े बहुत से रास्तों को पक्का करने के ऐस्टिमेट को मंजूरी देना।

### गुढ़ा बस स्टैंड से बाइक चोरी

**कनीना।** गुढ़ा बस स्टैंड पर खड़ी बाइक अज्ञात चोर चुरा ले गए। इस बारे में संतोष कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने अपनी बाइक गुढ़ा बस स्टैंड पर खड़ी की थी। इसके बार रात करीब नौ बजे उन्होंने देखा तो बाइक वहां से गायब मिली। पुलिस ने अज्ञात बाइक चोर के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

**सूचना**

मैं, सतबीर सिंह पुत्र श्री सीताराम निवासी नजदीक एचएयु रेवाड़ी रोड, बावल, तहसील बावल, जिला रेवाड़ी बयान करता हूं कि मेरी एक वसीका प्रलेख नम्बर 2085 दिनांक 22.08.2025 (कन्वेंयस डोड) सब रजिस्ट्रार साहब बावल के कार्यालय में रजिस्टर्ड कराई हुई है। मेरी उक्त वसीका/रजिस्ट्री बेयनामा मेरे से दिनांक 01.12.2025 को गुम हो गई है और जिसको मैंने काफी तलाश किया पर नहीं मिली। किसी को मिले तों संपर्क करे :- 9996032459.



## वार्डबंदी पर दर्ज कराई आपत्तियां

**रेवाड़ी।** सेक्टर-1 के निवासियों ने नगर परिषद की ओर से की गई नई वार्डबंदी के खिलाफ में मंगलवार को जिला उपायुक्त कार्यालय में आपत्तियां दर्ज कराई है। सेक्टर-1 के कुछ घरों को दूसरे वार्ड में जोड़ दिया गया है, जबकि सेक्टर के वार्ड में दूरदराज की कॉलोनी को जोड़ा गया है। सेक्टरवासी सामाजिक कार्यकर्ता हरिकृष्ण बबलू ने बताया कि जिला उपायुक्त को दर्ज की गई आपत्ति में सेक्टरवासियों ने प्रमुख रूप से दो बातें रखी हैं। उन्होंने पूरे सेक्टर-1 को एक ही वार्ड में रखने तथा यदि सेक्टर के वार्ड में अतिरिक्त मतदाताओं को जोड़ना पड़े तो वे साथ लगते क्षेत्र से हों, दूर दराज क्षेत्र से नहीं। डीसी की ओर से सेक्टरवासियों की आपत्तियों पर 17 दिसंबर को सुनवाई रखी गई है, जिसमें सेक्टरवासी मौके पर उपस्थित होकर अपना पक्ष रखेंगे।

## दहेज हत्या के मामले में एक गिरफ्तार

**कोसली।** पुलिस ने संदिग्ध हालत में विवाहिता की मौत के बाद दर्ज दहेज हत्या के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने विवाहित की मौत के बाद मायके पक्ष के बयान पर गत 8 दिसंबर को दहेज हत्या का केस दर्ज किया था। मायके पक्ष ने विवाहिता के ससुराल वालों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने के आरोप लगाए थे।

### नए सिरे से बनवाए गए जोहड़ के निर्माण में अनियमितताएं मिली

# अधूरी रिपोर्ट पर समस्याओं का समाधान शिकायतकर्ता को लगाने पड़ रहे चक्कर

**शिकायतकर्ता का जोहड़ की पैमाइश पूरी नहीं होने का दावा, सरपंच से लेकर बीडीपीओ तक की रिपोर्ट में पूरा बन चुका जोहड़**

सुनील गर्ग ▸▸| कोसली

समाधान शिविर में शिकायत दर्ज कराने वाले का दावा है कि जोहड़ के एक हिस्से की पैमाइश नहीं हुई। इस हिस्से पर अवैध कब्जा है, इसलिए जोहड़ भी पूरी जमीन पर नहीं बनाया गया है। सरपंच से लेकर बीडीपीओ तक पूरी पैमाइश होने की रिपोर्ट पेश कर चुके हैं, इसलिए शिकायतकर्ता को समस्या का समाधान कराने के लिए बार-बार अधिकारियों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। मामला कोसली गांव में अमृत सरोवर योजना के तहत बनाए गए जोहड़ से जुड़ा हुआ है। कोसली निवासी रामचंद्र ने गत वर्ष 5 दिसंबर को समाधान शिविर में शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाए थे कि गांव में लाखों रुपये की लागत से अमृत सरोवर योजना के तहत नए सिरे से बनवाए गए जोहड़ के निर्माण में अनियमितताएं बरती गई हैं। इससे सरकारी पैसे का दुरुपयोग हुआ है। शिकायतकर्ता का दावा है कि जोहड़ की जमीन की पश्चिमी दिशा की पैमाइश नहीं हुई, जिस कारण पंचायती जमीन पर किए गए कब्जे को भी नहीं हटवाया गया। उसने आरोप लगाया कि समाधान शिविर से लेकर सीएम विंडो तक दर्ज कराई शिकायत के बाद सरपंच से लेकर बीडीपीओ तक ने गलत रिपोर्ट पेश की है। सरपंच ने रिपोर्ट में जोहड़ की जमीन पर कोई कब्जा नहीं होने का दावा किया है, जो पूरी तरह गलत है। जमीन की पैमाइश करने वाले गिरदावर ने गोलमोल रिपोर्ट बनाकर पेश की हुई है, जिसमें अवैध कब्जे का जिक्र नहीं किया गया है। अमृत सरोवर योजना के तहत जोहड़ बनाने के लिए एक एकड़ जमीन होनी जरूरी है, लेकिन इस जोहड़ की जमीन की पूरी पैमाइश ही नहीं की गई है।

**दोबारा करवाई जाएगी पैमाइश**




रेवाड़ी। गांव के गोसाई वाले जोहड़ का अधूरा हिस्सा तथा जोहड़ की जमीन पर किया हुआ अतिक्रमण। *फोटो : हरिभूमि*

### दोबारा पैमाइश करवाने की मांग

शिकायतकर्ता ने प्रशासन से जोहड़ की जमीन की दोबारा पैमाइश कराने की मांग की है, ताकि वास्तविकता सामने आ सके। जमीन की पैमाइश सही नहीं होने शिकायकर्ता की जमीन भी जोहड़ की चपेट में आने की आशंका जाहिर की जा रही है, जिसका पता पैमाइश के बाद ही चल पाएगा। इसके लिए उसने डीसी को पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

### अवैध कब्जे को बचाने की कवायद

शिकायतकर्ता एक बार फिर सीएम विंडो पर शिकायत दर्ज कराते हुए सरपंच पर झूठी रिपोर्ट पेश करने के आरोप लगाए हैं। सरपंच पंचायती जमीन पर कब्जा नहीं की बात रिपोर्ट में कर रहा है, जबकि शिकायतकर्ता का दावा जमीन पर कब्जा होने का है। इससे यह बात भी साफ हो रही है कि समाधान शिविरिं में आने वाली शिकायतों को महज रिपोर्ट के आधार पर निपटा दिया जाता है।

### रिपोर्ट विरोधाभाषी

इस मामले में बीडीपीओ नाहड़ की रिपोर्ट में कहा गया है कि काम पूरा हो चुका है, फाइल बंद करें। यह रिपोर्ट 5 मार्च को पेश की गई थी। इसके बाद 27 मार्च को पंचायत विकास विभाग के जेई की रिपोर्ट में इस बात का जिक्र किया गया है कि जोहड़ की दक्षिणी दिशा की पाल अभी नहीं बनी है। ऐसे में नाहड़ खंड के बीडीपीओ की रिपोर्ट सवालों के घेरे में आ रही है।

### कोई अनियमितता नहीं

जोहड़ का निर्माण नियमानुसार हुआ है। इसमें कोई अनियमितताएं नहीं बरती गई हैं। जोहड़ की जमीन पर कोई भी कब्जा नहीं है। शिकायतकर्ता की संतुष्टि के लिए आगामी शुक्रवार को एक बार फिर से पैमाइश कराई जा रही है।

-रामकिशन, सरपंच, कोसली।

## खबर संक्षेप




### राज स्कूल में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न, विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**रेवाड़ी।** राज इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा चौथी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में एमएलए लक्ष्मण सिंह के सुपुत्र निशांत यादव व बार काउंसिल के अध्यक्ष विश्वकर्मा यादव ने शिरकत की, जबकि विशिष्ट अतिथि भारतीय ताइक्वांडों टीम के कोच व महार्षि दयानंद विश्वविद्यालय के खेल उपनिदेशक डा. अशोक कुमार थे। खेल उपनिदेशक ने खेल जगत के अनुभवों से विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में विद्यालय के चेयरमैन राजेंद्र सैनी, डायरेक्टर नवीन सैनी, जितेंद्र सैनी, हेमंत सैनी, जयश्री सैनी व अन्नू सैनी भी मौजूद थे। विद्यार्थियों ने खेल प्रतियोगिताओं में खेल भावना का शानदार प्रदर्शन किया। अतिथियों ने विजेता विद्यार्थियों को मेडल पहनाकर व मोमेंटों देकर पुरस्कृत किया। इस मौके पर सभी शिक्षक स्टाफ सहित अनेक गणमान्य मौजूद थे।



रेवाड़ी। बच्चों को ब्लेजर व शूज वितरित करते जांगड़ा समाज के प्रधान।

### विद्यार्थियों को ब्लेजर व शूज किए वितरित

**कोसली।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय सुर्खपुर में जांगड़ा समाज कोसली के प्रधान रामभगत शर्मा की ओर से अपने स्व. पुत्र मनोज की स्मृति में जरूरतमंद विद्यार्थियों को ब्लेजर व जूते वितरित किए गए। दिल्ली पुलिस में कार्यरत मनोज का दो वर्ष पूर्व युवावस्था में निधन हो गया था। विद्यालय के हैडमास्टर भरत यादव ने इस नेक कार्य के लिए उनकी सराहना की और कहा कि इस प्रकार के कार्यों से अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर विद्यालय के सभी अध्यापक उपस्थित थे।

### प्रथम इंटरनेशनल स्कूल की दो छात्राओं ने शूटिंग में पाई उपलब्धि



**रेवाड़ी।** प्रथम इंटरनेशनल स्कूल की दो छात्राओं ने शूटिंग खेल में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। छात्रा लक्ष्या का चयन 10 मीटर एयर पिस्टल प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर के लिए हुआ है। लक्ष्य ने निरंतर अभ्यास, आत्मविश्वास और खेल के प्रति अपने जुनून के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है। इसी क्रम में छात्रा वंशिका ने भी असाधारण प्रदर्शन करते हुए 10 मीटर एयर पिस्टल में राष्ट्रीय स्तर के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर के लिए अपना चयन सुनिश्चित किया है। विद्यालय के संस्थापक उत्तम सिंह, को-फाउंडर कृष्णा यादव, प्रबंध निदेशक हिमांशु यादव तथा अंतरराष्ट्रीय कोच रमन राव ने दोनों छात्राओं को के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



### यश ने ओपन किड्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जीता सिल्वर

**कुंड।** गांव हरजीपुर निवासी यश ने हरियाणा ओपन किड्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप की स्टेट लेवल अंडर-12 की 80 मीटर बाधा दौड़ में रजत पदक जीत कर गांव व जिले का नाम रोशन किया है। यश का मंगलवार को गांव हरजीपुर पहुंचने पर स्वागत किया गया। जिला प्रमुख मनोज यादव ने यश को सम्मानित करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके मनोज यादव ने कहा यश ने छोटी से उम्र में इस उपलब्धि को हासिल कर भविष्य की मजबूत नींव की है। इस मौके पर सुभाष सरपंच धामलवास, राजीव यादव, अरविंद यादव, सुबेदार कृष्ण कुमार, रघुनाथ थानेदार, सरपंच सुरेंद्र सिंह, एक्स सरपंच रामचंद्र, नंबरदार गजराज सिंह, परमजीत सिंह, सुरेश कुमार, नवल सिंह, बलबीर सिंह, धनीराम सरपंच, शेर सिंह सोनी, रघुबीर बोहरा, रोहतास, बीरेंद्र सिंह, कृष्ण कुमार, रामबाबू शास्त्री, जय भगवान व नरेंद्र पंडित मौजूद थे।



### कोसली में अधिकारियों व कर्मचारियों ने ब्रेक के दौरान किया योगाभ्यास

**कोसली।** कोसली उपमंडल सचिवालय के प्रथम तल पर स्थित सभागार में सोमवार को एसडीएम विजय कुमार यादव के मार्गदर्शन में वाई ब्रेक के दौरान सभी कर्मचारियों और अधिकारियों को योगाभ्यास एवं प्राणायाम कराया गया। एसडीएम ने बताया कि अब प्रत्येक कार्य दिवस में सभी कार्यालयों में अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा 15 मिनट के वाई ब्रेक में योगा किया जाएगा। सोमवार को योगाचार्य छोटूराम व योग सहायक नरेंद्र पाल ने योगा अभ्यास कराया। वाई ब्रेक में स्कंध चालन, गिरवा संचालन, ताड़ासन, तिर्यक ताड़ासन, कटिचक्रासन, अनुलोम विलोम व भ्रामरी प्राणायाम कराया गया। इस अवसर पर बीर सिंह, विक्रम यादव, किरण यादव, दयावान व धर्मेंद्र सहित सभी विभागों के कर्मचारी उपस्थित थे।



### सनाया ने किया राष्ट्रीय शूटिंग में क्वालीफाई

**रेवाड़ी।** जिले के गांव बधराना की 11 साल की सनाया ग्रेवाल ने 10 मीटर राष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता में स्टीक निशाना साधकर अपनी प्रतिभा दिखाई है। अंतरराष्ट्रीय शूटर मनु भाकर ने सनाया को बधाई दी। मां निधेश ने बताया कि सनाया 7वीं कक्षा की छात्रा है। छोटा भाई समर्थ चौथी कक्षा में पढ़ता है। दिल्ली के तुगलकाबाद में 11 दिसंबर से 4 जनवरी तक चलने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सनाया ने 25 अंकों के साथ राष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। सनाया के पिता महेंद्र सिंह ग्रेवाल और दादा चांद राम ग्रेवाल सेना से रिटायर्ड हैं। सनाया ने करीब एक साल पहले शूटिंग खेलना शुरू किया था। पहले साल सीबीएसई स्कूल खेल प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और टॉप 30 खिलाड़ियों में अपना स्थान पक्का किया था। इसके बाद सनाया ने देहरादून में हुई नॉर्थ जान प्रतियोगिता में जीत हासिल की थी। नॉर्थ जोन प्रतियोगिता के आधार पर ही सनाया का राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ था। सनाया ने कहा कि शूटिंग में ओलिंपिक में हिस्सा लेकर देश के लिए पदक जीतना और दादा एवं पिता की तरह सेना में अधिकारी बनना उनका सपना है। पिता महेंद्र सिंह ग्रेवाल ने कहा कि बेटी की उपलब्धि गर्व की बात है। सनाया ने राष्ट्रीय ट्रायल के लिए क्वालीफाई कर लिया है।



रेवाड़ी। कोसली बिजली निगम परिसर में धरना प्रदर्शन करते कर्मचारी।

## ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में दो घंटे तक धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोसली

कोसली की एचएसईबी वर्कर्स यूनियन से जुड़े बिजली कर्मियों ने मंगलवार को केंद्रीय परिषद के आह्वान पर सब डिविजन कार्यालय परिसर में में ऑनलाइन ट्रांसफर पोलिसी के विरोध में दो घंटे तक धरना प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुनिल जेई व संचालन गौरव जेई ने की। सब यूनिट प्रधान चंद्रजीत ने ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी का विरोध करते हुए कहा कि सरकार द्वारा तकनीकी और क्लैरीकल स्टाफ की बदली की जा रही है।

तकनीकी कर्मचारियों को सर्कल से बाहर भेजकर उनकी जान को जोखिम में डाला जा रहा है। धरना प्रदर्शन में जय सिंह पूर्व प्रधान युनिट, राजीव जेई, राजेन्द्र, अरूण कुमार, महेश ,सोनू सांगवान व प्रमोद कुमार सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

### रोहित सचदेवा बने लघु उद्योग भारती बावल इकाई के अध्यक्ष



**रेवाड़ी।** लघु उद्योग भारती की बैठक सैंडपाइपर टूरिस्ट कॉम्प्लेक्स में आयोजित हुई, जिसमें बावल की इकाई का गठन किया गया। सभी की सहमति से बावल इकाई में अध्यक्ष पद पर रोहित सचदेवा, उपाध्यक्ष अरुण टोकस, मुकेश शर्मा व शुभम गुप्ता, महासचिव मनीष गोयल, संयुक्त सचिव प्रांजल डाटा, सचिव विकास गुप्ता, कोषाध्यक्ष महेंद्र छाबड़ा, मुख्य संरक्षक विनोद जोशी, संरक्षक सुदर्शन हिंदुजा व मैनेजर के पद पर आशीष गुप्ता की नियुक्ति की गई।

## भारतीय सेना के लिए विजय दिवस एक यादगार दिन : एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोसली

कोसली के एसडीएम विजय कुमार यादव ने कहा कि भारतीय सेना के लिए विजय दिवस एक यादगार दिन है। 16 दिसंबर 1971 को भारत ने पाकिस्तान को हरा कर बांग्लादेश को आजाद कराया था तथा पाकिस्तान के 93 हजार सैनिकों को भारत के जांबाज सैनिकों ने एक साथ आत्मसमर्पण करने पर मजबूर किया। एसडीएम मंगलवार को मिनी सचिवालय में एक्स सर्विसमैन लीग के पदाधिकारियों को विजय दिवस की शुभकामनाएं दे रहे थे। उन्होंने कहा कि फील्ड मार्शल सैम मानेक शा के नेतृत्व में भारत की सेना ने अद्वितीय शौर्य का परिचय इस युद्ध में दिया था, जिसे आज भी दुनिया याद रखती है। एसडीएम ने कहा कि कोसली क्षेत्र के भी अनेक बहादुर सैनिकों ने पाकिस्तान के साथ हुई सन 1971 की लड़ाई में अपनी शूरवीरता दिखाई थी। इस मौके पर एक्स सर्विसमैन लीग कोसली के पैटर्न कर्नल सुधीत यादव ने एसडीएम से सैनिक कैंटीन व सैनिक रेस्ट हाऊस की स्थिति में सुधार लाने का अनुरोध किया।



रेवाड़ी। पूर्व सैनिकों के साथ एसडीएम विजय कुमार यादव। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

पूर्व कर्नल आरएस लांबा, कप्तान सीताराम यादव, कप्तान करतार सिंह, कप्तान सुभाष, पूर्व चेयरमैन विजय आजाद, कप्तान चांद सिंह, कप्तान कर्म सिंह व कप्तान नाथूराम मौजूद थे।

## बिजली यूनियनों का धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी



रेवाड़ी। ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी का विरोध करते बिजली कर्मी।

टीएल सब यूनिट और सब अर्बन सब यूनिट एचएसईबी वर्कर्स यूनियन ने मंगलवार को ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में दो घंटे का धरना-प्रदर्शन किया। एचएसईबी वर्कर यूनियन की प्रदेश समिति की ओर से एसीएस पॉवर को पहले ही ऑनलाइन पॉलिसी को निरस्त करने को लेकर ज्ञापन दिया जा चुका है। यूनियन के पदाधिकारियों ने कहा कि अगर निगम ऑनलाइन पॉलिसी को निरस्त नहीं करता है तो पहले सब डिवीजन लेवल और बाद में डिवीजन लेवल, सर्कल लेवल और फिर मैनेजमेंट लेवल तक धरना दिया जाएगा और धरना हड़ताल का भी रूप ले सकता है। धरने पर मंच संचालन जगबीर जेई वरिष्ठ प्रधान यूनिट ने किया, जबकि अध्यक्षता सतीश कुमार जेई प्रधान टीएल सब यूनिट ने की। धरना प्रदर्शन के दौरान समिति के ऑडिटर मनोज कुमार सैनी, विजय कुमार, बब्लेश, सब अर्बन सब यूनिट के प्रधान संजीव कुमार, सेक्रेटरी प्रदीप कटारिया, सेक्रेटरी सदाशिव, संदीप, जितेंद्र, मयंक व जेई राम सहित अनेक कर्मचारी मौजूद थे।

### अजय का गूगल में प्रिंसिपल साफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर चयन

**कोसली।** नाहड़ गांव निवासी अजय ने वैश्विक तकनीकी कंपनी गूगल में प्रिंसिपल साफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर चयनित होकर अपने परिवार और गांव का नाम रोशन किया है। अजय करीब 12 वर्षों से साफ्टवेयर क्षेत्र में है। गूगल में चयन से पहले वे पिछले साढ़े आठ वर्षों से माइक्रोसाफ्ट में साफ्टवेयर आर्किटेक्ट के रूप में कार्यरत थे। जहां उन्होंने बड़े और जटिल साफ्टवेयर सिस्टम के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। अपने करियर के दौरान अजय ने डिजनी हाटस्टार, इक्सिगो और अमेयो जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों के साथ भी काम किया। अजय ने नेशनल इंस्टीट्यूट आफ टेक्नॉलाजी कुरुक्षेत्र से बीटेक किया है। वह वर्तमान में यूनिवर्सिटी आफ टेक्सास से मास्टर आफ साइंस भी कर रहे हैं।



अजय यादव

### इच्छापूर्ण चोले वाले हनुमान मंदिर में सुंदरकांड का आयोजन 23 को



**रेवाड़ी।** सोलहराही सेक्टर-1 स्थित प्राचीन इच्छापूर्ण चोले वाले हनुमान मंदिर में 23 दिसंबर मंगलवार को शाम को 5 बजे से सुंदरकांड पाठ व भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही मंदिर परिसर में 7 बजे से भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मंदिर के पुजारी बिजेन्द्र भारद्वाज मेहंदीपुर बालाजी धाम वाले ने बताया कि सुंदरकांड पाठ में दिल्ली से गायक धर्मबीर फौजी व रेवाड़ी से गायका गोपाल वर्मा मनमोहक भजनों के माध्यम से बाबा की महिमा का गुणगान करेंगे। मंदिर के संस्थापक भूपेन्द्र गुप्ता ने बताया कि प्राचीन इच्छापूर्ण चोले वाले हनुमान मंदिर में भक्तों के सहयोग से 29वें सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

**कार्रवाई** मंगलवार को नागरिक अस्पताल से पकड़े गए आवारा कुत्ते, नागरिकों व अस्पताल स्टाफ को मिली राहत

# शहर में घूम रहे आवारा कुत्तों की नसबंदी व वैक्सीनेशन का कार्य शुरू

- नसबंदी के लिए 45 लाख रुपये का टेंडर किया गया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

शहर में लगातार बढ़ रही आवारा कुत्तों की संख्या पर नियंत्रण के लिए नगर परिषद की ओर से कुत्तों की नसबंदी का काम शुरू कर दिया है। नगर परिषद की ओर से कुत्तों की नसबंदी के लिए 45 लाख रुपये का टेंडर किया गया है। शहर में तीन हजार के करीब कुत्तों की नसबंदी की जाएगी। नगर परिषद की ओर से स्नेह एनीमल वेलफेयर ट्रस्ट फर्म को आवारा कुत्तों के टीकाकरण व नसबंदी के कार्य का ठेका दिया गया है। फर्म की ओर से नसबंदी के साथ आवारा कुत्तों का वैक्सीनेशन भी किया जाएगा। नगर परिषद की ओर से हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए गए हैं, ताकि शहरवासी कुत्तों की नसबंदी से संबंधित जानकारी लेने के साथ शिकायत भी कर सकें। नागरिक हेल्पलाइन नंबर-8572827322 व एजेंसी हेल्पलाइन नंबर-9680317487 पर संपर्क कर सकते हैं। नागरिक अस्पताल में रोजाना कुत्तों के काटने के दर्जनों मामले पहुंच रहे हैं। शहरवासी लंबे समय से आवारा कुत्तों की समस्या से निजात दिलाने की मांग कर रहे थे।




रेवाड़ी। नागरिक अस्पताल से पकड़े गए आवारा कुत्ते तथा आवारा कुत्ते पकड़ती टीम। *फोटो : हरिभूमि*

### समस्या से निजात मिलेगी

टेंडर लेने वाली फर्म की ओर से शहर में आवारा कुत्तों के टीकाकरण व नसबंदी का कार्य शुरू कर दिया गया है। नगर परिषद की ओर से कार्य की पूरी तरह देखरेख की जाएगी ताकि शहरवासियों का समस्या से निजात मिल सकें।

-सुशील कुमार, ईओ नगर परिषद।

### नागरिक अस्पताल से पकड़े गए आवारा कुत्ते

मंगलवार को जिला नागरिक अस्पताल में आने वाले रोगियों, परिजनों तथा चिकित्सकों सहित अन्य कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए आवारा कुत्तों को पकड़ने का कार्य किया गया। पीएमओ डा. सुरेंद्र यादव ने कहा कि मुख्य सचिव के आदेशानुसार नगर परिषद की ओर से एनिमल वेलफेयर ट्रस्ट के माध्यम से अस्पताल परिसर में घूम रहे आवारा कुत्तों को मानवीय एवं सुरक्षित तरीके से पकड़कर किसी अन्य उपयुक्त स्थान पर छोड़ा जा रहा है। पिछले कुछ समय से अस्पताल परिसर में आवारा कुत्तों की आवाजाही के कारण रोगियों, विशेषकर बुजुर्गों, महिलाओं, बच्चों एवं आपातकालीन सेवाओं में आने वाले मरीजों को असुविधा व भय की स्थिति का सामना करना पड़ रहा था। इस कार्रवाई से अस्पताल परिसर में रोगियों के लिए सुरक्षित वातावरण उपलब्ध हो रहा है तथा अस्पताल स्टाफ को भी बिना किसी बाधा के अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने में सुविधा मिलेगी। उप चिकित्सा अधीक्षक डा. इन्द्रजीत यादव ने कहा कि अस्पताल प्रशासन की ओर से भविष्य में भी इस प्रकार की समस्याओं पर निगरानी रखते हुए समय-समय पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी, ताकि जिला नागरिक अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज व नागरिक को सुरक्षित, स्वच्छ एवं भयमुक्त वातावरण में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें।